

# हिरन नदी बचाओ मुहिम : हाईकोर्ट के नोटिस के बाद भी नहीं हटाया गया अतिक्रमण

## हिरन नदी में अतिक्रमण हटाने हाईकोर्ट जबलपुर में दायर है जनहित याचिका, सीमांकन के बाद चिन्हित अतिक्रमणकारियों को नोटिस देने के बाद ठंडे बस्ते कैद हो गई कार्यवाही

**सीधी 23 अक्टूबर। हाईकोर्ट के नोटिस के बाद भी हिरन नदी का अतिक्रमण नही हटाया गया। हिरन नदी में अतिक्रमण हटाने हाईकोर्ट जबलपुर में जनहित याचिका दायर है। सीमांकन के बाद चिन्हित अतिक्रमणकारियों को नोटिस देने के बाद ठंडे बस्ते कार्यवाही कैद हो गई।**

बताते चलें कि हिरन नदी व सूखा नदी के किनारे अतिक्रमण व अवैध निर्माण करने पर हाईकोर्ट में प्रस्तुत याचिका की सुनवाई के बाद रोक लगा दी गई है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगल पीठ ने राज्य शासन, प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन विभाग, कलेक्टर सीधी, एसडीओ, तहसीलदार, सीएमओ सीधी समेत दिवाकर सिंह, हल्के सोनी सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। जवाब पेश करने चार सप्ताह का समय दिया गया था। उक्त याचिका सीधी निवासी समाजसेवी आदित्य नारायण सिंह की ओर से दायर की गई है। उनकी ओर से विद्वान अधिवक्ता सत्यप्रकाश मिश्रा ने पक्ष रखा है।

गौरतलब है कि नवभारत हिरन नदी बचाओ अभियान में जनता की आवाज को प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष मुखर किया जा रहा है। जिसके बाद जिला प्रशासन सीधी की ओर से मई 2025 में हिरन नदी के अतिक्रमण को चिन्हित करने के लिये सीमांकन कराया गया। सीमांकन में करीब 3 दर्जन अतिक्रमण चिन्हित किये गये। जिनको त्वरित रूप से हटाने की बजाय फिर से तहसीलदार गोपदबनास की न्यायालय में कार्यवाई को लेकर पेंच फंसा दिया गया। तत्संबंध में जानकारों का कहना है कि अतिक्रमण चिन्हित होने के पश्चात संबंधित अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाई होनी चाहिये थी लेकिन दबाव के चलते अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई को भी उलझाया गया है। हिरन नदी के तटों में भारी अतिक्रमण होने के कारण बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा दिक्कतें सामने आती हैं। उस दौरान अतिक्रमणकारी मदद की गुहार प्रशासन से लगाते हैं। प्रशासनिक स्तर से उनको हिरन नदी के उफान आने पर सुरक्षित कराया जाता है इसके बाद फिर से कार्रवाई अतिक्रमण को लेकर करने की जरूरत नहीं समझी जाती। तहसील कार्यालय गोपदबनास से अतिक्रमणकारियों को हटाने का आदेश जारी करने में बड़ी लापरवाही बनी हुई है।


नवभारत मुहिम : हिरन व सूखा नदी के किनारे अतिक्रमण पर हाईकोर्ट में दायर हुई जनहित याचिका

जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर सीधी सहित अन्य को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में मांगा जवाब

हाईकोर्ट ने नदी किनारे निर्माण पर लगाई रोंक

### अतिक्रमण हटाने प्रशासन नाकाम

शहर के हिरन नदी एवं सूखा नदी के तटों पर अतिक्रमण हटाने में प्रशासन पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। ऐसे में हाईकोर्ट ही बड़ी उम्मीद बनी हुई है, जिसके माध्यम से पुरानी नदियों के अस्तित्व को बचाने के लिये सार्थक आदेश जारी कराने की पहल की गई है। हाईकोर्ट में याचिका दायर होने के बाद अभी कार्रवाई विचाराधीन है। हाईकोर्ट में मामला पहुंचने के बाद भी प्रशासन अपने स्तर से चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई को मूर्तरूप देने की जरूरत अभी तक नहीं समझी गई है। ऐसे में अब हाईकोर्ट का आदेश ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को पूरी करा सकता है।

### इनका कहना है

हिरन नदी के चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई प्राथमिकता से होना चाहिये। तत्संबंध में वे तहसील कार्यालय से आवश्यक जानकारी लेकर अतिक्रमण हटाने के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। हाईकोर्ट में मामला लम्बित है उससे पहले ही वह चाहते हैं कि अतिक्रमण हटने की कार्रवाई पूर्ण हो जाय।

**राकेश शुक्ला, एसडीएम गोपदबनास**

# 551 स्वनिर्मित मिट्टी के दीप जलाकर मनी दिवाली

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 23 अक्टूबर। स्वामी विवेकानंद युवा मंडल हस्तिनापुर सम्बद्ध नेहरू युवा केन्द्र सीधी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 हस्तिनापुर के प्रांगण में प्रकाश पर्व के रूप में 551 स्वनिर्मित मिट्टी के दीप जलाकर दिवाली मनाई गई।**



कार्यक्रम में मां लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना के बाद गांव के युवाओं ने आपस मे गले मिलकर एवं मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को दीवाली की बधाई दिए। दीपोत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांव के वरिष्ठ नागरिक प्रेमलाल नवैत, सिद्धिलाल विश्वकर्मा, दिनेश केवट, हरीश नवैत, प्रमोद विश्वकर्मा, रजनीश केवट, रामकुमार प्रजापति एवं मंडल सदस्य रावेन्द्र प्रजापति, सुनील कुमार नवैत, अजय कुमार नवैत, नीरेन्द्र विश्वकर्मा, अनुपम कुमार विश्वकर्मा, राघुवेन्द्र प्रजापति, राजीव प्रजापति, ऋतिक वर्मा, विकल्प विश्वकर्मा, मानेन्द्र विश्वकर्मा, पुष्पेन्द्र प्रजापति, पूजा, रंजना, मान्शी के साथ सभी ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

# सोन नदी के जोगदहा पुल के चालू हो जाने से सुरक्षित आवागमन सुलभ : डॉ .राजेश

## सांसद सीधी एवं विधायक सिहावल ने फीता काट कर किया शुभारंभ, बहरी-हनुमना के मध्य सोन पुल पर आवागमन हुआ शुरू

नवभारत न्यूज

**अमिलिया 23 अक्टूबर। सिहावल विधानसभा क्षेत्र के बहरी से हनुमना मार्ग में सोन नदी पर बनी नव निर्मित जोगदहा पुल का आज सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के साथ क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने फीता काटकर शुभारंभ किया।**



इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र ने कहा कि लंबे समय से भारी वाहनों, यात्रियों एवं जनमानस को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। जिसको देखकर आज यह पुल सुचारू रूप से आवागमन के लिए क्षेत्रीय जनमानस को समर्पित किया गया। अब इस पुल के चालू हो जाने से लोगों को आवागवन में सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि लोगों की सुविधा एवं क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इस अवसर पर सांसद सीधी डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि पुल के चालू हो जाने से लोगों को सुविधाजनक ढंग से सुरक्षित आवागवन सुलभ हो गया है। बहु प्रतीक्षित पुल चालू हो जाने से क्षेत्रीय लोगो के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। अब सभी प्रकार के वाहनों एवं जनमानस को बहरी, अमिलिया, हनुमना जाने मे बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रीमती शिव कुमारी जायसवाल, पुष्पेन्द्र पाण्डेय, जयशंकर द्विवेदी, विमलेश रावत एवं सिद्धार्थ गौतम, जिला मंत्री गजराज सिंह, कपूरचंद्र साहू, समाजसेवी अशोक शुक्ला, भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सेतु निगम के अधिकारी कर्मचारी, संविदाकार के प्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय जनमानस की उपस्थिति रही।

# जिले की 2 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री ने दिया भाईदूज का शगुन

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 अक्टूबर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1.26 करोड़ बहनों को 1859 करोड़ रुपये की भाईदूज के शगुन की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बहनों से आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें भाईदूज की शुभकामनाएं दीं।**

उन्होंने प्रदेश की बहनों के साथ संवाद के दौरान राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और भावी प्राथमिकताओं की जानकारी भी साझा की। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे लाड़ली बहनों के रूप में 1 करोड़ 26 लाख से अधिक बहनें मिली हैं। हम बहनों के जीवन में नई रोशनी और नई खुशी जोड़ रहे हैं। प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को अब हर माह 1500 रुपये मिलेंगे। बहनों के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है। बहनों के शब्द और उद्गार सुनकर मैं अभिभूत हूं। हमारी बहनें लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती का समग्र रूप हैं। मध्यप्रदेश देश का पहला ऐसा प्रदेश है जहां लाड़ली बहना योजना से हमारी बहनें हर महीने राखी और भाईदूज मनाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना प्रदेश की बहनों की समृद्धि का सीधा मार्ग है। किसी भी जरूरत के वक्त यह योजना बहनों के लिए सबसे बड़ा संबल और सहयोग सिद्ध हुई है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बताया कि प्रदेश की लाड़ली बहनों को अब तक 29 किश्तों में लगभग 45 हजार करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बहनों की मुस्कान ही मध्यप्रदेश और हमारी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत सीधी जिले की 2 लाख 10 हजार 706 पात्र महिलाओं के खातों में भाईदूज शगुन के रूप में प्रति महिला 250 रुपये की राशि प्रदान की गई। इस प्रकार जिले की महिलाओं के खातों में कुल 5 करोड़ 26 लाख 76 हजार 500 रुपये की राशि अंतरित की गई। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जहां जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग प्रवेश मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा हितग्राही महिलाएं उपस्थित रहीं।



### सभी क्षेत्रों की महिलाओं के खाते में राशि अंतरित

जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत कुसमी की 17488, मझौली की 29352, रामपुर नैकिन की 44275, सीधी की 54920 तथा सिहावल की 51763 महिलाओं के खातों में राशि अंतरित की गई। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों की महिलाओं को भी योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। नगर पालिका सीधी की 6203, नगर परिषद चुरहट की 2433, नगर परिषद मझौली की 2106 और नगर परिषद रामपुर नैकिन की 2156 महिलाओं के खातों में भी भाईदूज शगुन के 250 रुपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई।



# समाधान ऑनलाइन में मुख्यमंत्री ने सुनीं आमजन की समस्याएं, दिए सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 अक्टूबर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में भोपाल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के आवेदकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण तत्परता और पारदर्शिता से किया जाए, ताकि आमजन को समय पर राहत मिल सके।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय अधिकारी शासन की योजनाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें, जिससे शिकायतों की संख्या में कमी आए। उन्होंने आगामी एक माह के भीतर तकनीकी व्यवस्थाओं को सुधारने का अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलों में किए जा रहे नवाचारों को प्रदर्शित करने और प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक नियमित रूप से थानों की जांच करें, जिससे जनता का विश्वास बढ़े और पुलिस व्यवस्था अधिक प्रभावी बने। साथ ही खाद, बीज के भंडारण व वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा धान, कोदो और सोयाबीन उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों के रकबे का सत्यापन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने भावांतर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया। डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि 1 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर रोजगार और स्वरोजगार की थीम पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। साथ ही आदिवासी समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा जयंती 15 नवम्बर को भव्य रूप से मनाने के निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में सीधी जिले से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, वन मंडलाधिकारी प्रीति अहिरवार, अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय, एएसपी अरविंद श्रीवास्तव, एसडीएम प्रिया पाठक, आर.पी. त्रिपाठी, शैलेश द्विवेदी, डीएसपी अमन मिश्रा सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### रिटायर्ड बीईओ सूर्य कुमार शर्मा का निधन



**सीधी।** क्रिकेट कोच सुवेन्दु शर्मा के बड़े पिताजी पंडित सूर्य कुमार शर्मा सेवानिवृत्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी निवासी कम्हई कोस्टा का निधन 22 अक्टूबर को हो गया है। वे 92 वर्ष के थे। शिक्षाविद व खेल जगत के लोगों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता उनके निज निवास में लगा हुआ है।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश आवेदन में सुधार 26 तक

**चुरहट।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट के प्राचार्य डॉ. डी.के.त्रिपाठी ने बताया कि सत्र 2026-2027 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के लिए करेक्शन विंडो 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 तक खुली रहेगी। इस अवधि में जिन छात्रों ने पूर्व में आवेदन किया है, वे अपने आवेदन पत्र में आवश्यक सुधार या संशोधन कर सकते हैं। कक्षा 9वीं के लिए छात्र बेवसाइट तथा कक्षा 11वीं के लिए बेवसाइट की लिंक के माध्यम से लॉगिन कर सुधार कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ.त्रिपाठी ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने आवेदन की जानकारी ध्यानपूर्वक जांचें और यदि कोई त्रुटि हो तो 26 अक्टूबर 2025 तक अनिवार्य रूप से सुधार कर लें।

### आज तक लिए जाएंगे दावा आपत्ति

**सीधी।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जा रहा है। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पहले 13 नवम्बर को होना था। अब 21 नवम्बर 2025 को होगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर को किया जा चुका है। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में अब 24 अक्टूबर तक दावे आपत्ति लिए जाएंगे। पहले 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाने थे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 4 नवम्बर तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 21 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी कर दिये गये हैं।

### छात्रवृत्ति योजना नवीनीकरण के लिए आवेदन शुरू

**सीधी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सीधी ने जानकारी देकर बताया कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के नवीनीकरण आवेदनों के लिए एमपी टास पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। यह पोर्टल वर्ष पर्यंत खुला रहेगा, जिससे पात्र विद्यार्थी अपने आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकेंगे। सभी शासकीय, अशासकीय एवं नोडल संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपने संस्थान में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को इस संबंध में सूचित करें तथा निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदन करवाना सुनिश्चित करें। संस्थाओं को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि छात्रवृत्ति से संबंधित सूचना संस्थान के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस योजना का लाभ समय-सीमा के भीतर ले सकें।

# ग्राम देवगढ़ में बूथ कांग्रेस कमेटी का गठन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रहे मुख्य अतिथि

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 23 अक्टूबर। ग्राम देवगढ़ में कांग्रेस पार्टी की बूथ कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व.दुर्गा प्रसाद मिश्रा के आवास पर किया गया, जहां गांव के वरिष्ठ एवं सम्मानित जनों की उपस्थिति रही।**



आगमन पर ज्ञान सिंह का स्वागत अतुल मिश्रा एवं तेजस्वी मिश्रा द्वारा ड्रैगन फ्रूट भेंटकर किया गया। कार्यक्रम में सेमरिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद तिवारी संकट विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान देवगढ़ के अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामवासी जैसे छोटेलाल मिश्रा, सूर्यप्रताप तिवारी, शिवबहादुर सिंह, श्रीकृष्ण पाण्डेय, संजू दुबे, राजकरण कुशवाहा, हिंछपति प्रजापति, राजीव गुप्ता, सुनील तिवारी, दीनदयाल सोनी, सुरेश कुशवाहा, श्रीनाथ केवट, राकेश केवट सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया और सभी से सहयोग की अपील की।

# भाईदूज पर बहनों ने भाई के माथे में लगाया रक्षा टीका, की लंबी उम्र की कामना

## जिले भर में भाईदूज के त्योहार की रही धूम, बहनों ने भाइयों की लम्बी आयु की कामना की

नवभारत न्यूज

**सीधी 23 अक्टूबर। भाई-बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक भाईदूज गुरुवार को जिले भर में मनाया गया। भाई के माथे पर रक्षा तिलक लगाकर बहनों ने उनके उज्जवल भविष्य, खुशहाली, दीर्घायु, सुख-समृद्धि की कामना की। भाईयों ने भी बहनों को उपहार आदि भेंट किये।**

हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाईदूज मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के सुखी जीवन की कामना करते हुए रक्षा तिलक माथे पर लगाती हैं। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और उनकी बहन यमुना की पूजा की जाती है। भाईदूज के त्यौहार को लेकर बाजार में सुबह से ही काफी भीड़भाड़ रही। भाई भी अपने बहन के पास आकर रक्षा तिलक लगवाते हुए उपहार भेंट किये। इस दौरान भाईयों ने बहनों की जीवन भर रक्षा करनें का संकल्प भी लिया। दरअसल बहनों को भाई दूज आने का इंतजार काफी बेसब्री से रहता है जिससे वह अपने भाई को रक्षा तिलक लगाकर उसके दीर्घायु की कामना करने के साथ ही सुख-समृद्धि के लिए भी आर्शीवाद दे सके। भाई भी भाईदूज के अवसर पर अपने बहन के पास प्राथमिकता के साथ पहुंचते हैं। कई भाई नौकरी, पढ़ाई के कार्यों में बाहर रहने के बाद भी आज भाईदूज पर अपनी बहन के पास पहुंचे।



जिले भर में भाईदूज को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। वहीं बहनों ने भी अपने भाईयों की पसंद को ध्यान में रखते हुए काफी खरीदी की थी। जिससे भाई का अच्छे से स्वागत किया जा सके। कुछ भाई-बहन विभिन्न कारणों से एक साथ नहीं आ पाए इस वजह से उनके द्वारा वर्चुली भाईदूज के त्यौहार को मनाया गया। बहनों ने वर्चुली तिलक किया और भाइयों ने भी उसको स्वीकार करके अपने माथे पर लगाया। भाई-बहनों ने एक-दूसरे के साथ त्यौहार की खुशियों को साझा किया। भाईदूज के त्यौहार की धूम जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समान रूप से देखी गई। बहनों को भाईदूज के त्यौहार की हर वर्ष काफी बेसब्री से प्रतीक्षा रहती है। जिससे वह अपने भाइयों की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना पूजन के माध्यम से कर सकें।

### बहनों को मिले पंसदीदा उपहार

भाईदूज के त्यौहार पर आज बहनों को उनके भाइयों द्वारा पसंदीदा उपहार भेंट किए गए। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भाई अपनी बहन के घर भोजन करे तो उसे दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसलिए कई घरों में भाई को बहन के हांथ का बना भोजन कराया जाता है। भाईदूज पर बहनें अपने भाइयों के लिए विशेष पूजा-अर्चना करती हैं और भाइयों की लंबी आयु की कामना करती हैं। भाईदूज के त्यौहार पर बहनों द्वारा माथे पर तिलक लगाकर सुख-समृद्धि एवं स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की जाती है। भाईदूज का त्यौहार दीपावली के बाद आता है। इस वजह से बहनें इसका काफी बेसब्री से इंतजार करती हैं। भाईदूज को यम द्वितीया भी कहा जाता है क्योंकि यह कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि में होता है। इस त्यौहार के पीछे कई धार्मिक कथाएं और मान्यताएं प्रचलित हैं जो इस पर्व को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। भाईदूज का पर्व काफी प्राचीन है और इसकी रौनक आज भी मौजूद है।